एसीबी ने डाक्टर को 500 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर, 21अप्रेल। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर टीम ने डॉ. टिकमचन्द खिंची को 500 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री वी के सिंह ने बताया कि परिवादी श्री नटवर निवासी सांसीयों का बास जालौर ने 17 अप्रेल 2017 को स्वंय अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर को एक लिखित शिकायत दी। जिसमें उसने बताया की मेरा सगा भाई भी सुरपाल जो माइन्स पर मजदूरी का कार्य करता है एवं उसको सिलिकोसिस की बिमारी है तथा सिलिकोसिस बिमारी का प्रमाण पत्र लेने हेतु आवेदन किया हुआ है।सिलिकोसिस बिमारी का प्रमाण पत्र जारी करने वाले बोर्ड के सदस्य डॉ. टिकमचन्द द्वारा मुझे से 2000 रूपये की मांग कर रहा है। जिस पर मैने डॉ. खिंची को 1000 रूपये दे चुका हूँ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर की टीम द्वारा उक्त मांग का सत्यापन कर रिश्वत की मांग की पुष्टि होने डा. टिकमचन्द खिंची को 500 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। रिश्वत की राशि डॉ. खिंची की पहनी हुइ पेंट की जेब से बरामद की एवं अग्रिम कार्यवाही भरी है।